मूर्ति विसर्जन:मेहरौना पुल घाट पर डीएम और एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

देवरिया। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत प्रतिमा विसर्जन को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने थाना लार क्षेत्र के अंतर्गत मेहरौना पुल स्थित विसर्जन स्थल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों शीर्ष अधिकारियों ने घाट पर सुरक्षा प्रबंधों, भीड़ नियंत्रण और विसर्जन से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने मातहतों को कड़े निर्देश दिए कि विसर्जन स्थल पर पर्याप्त संख्या में नावों और प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती हर हाल में सुनिश्चित की जाए। नदी में गहरे पानी की तरफ श्रद्धालुओं को जाने से रोकने के लिए मजबूत बैरिकेडिंग लगाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित व सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए ड्यूटी में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी।एसपी अभिजीत आर. शंकर ने पुलिस बल को निर्देश दिया कि विसर्जन मार्गों से लेकर घाट परिसर तक भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए आपसी समन्वय से ड्यूटी का निर्वहन करें। इस मौके पर एसडीएम सलेमपुर क्षितिज द्विवेदी सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

खेत में मिला 6 माह का मासूम बाल संरक्षण गृह भेजा गया

सलेमपुर (देवरिया)। क्षेत्र के खुटहा गांव में सोमवार सुबह गन्ने के खेत में ओस से भीगा छह माह का मासूम लावारिस मिला तो पूरा गांव सिहर उठा। खेत से गुजर रहे लोगों ने बच्चे की किलकारी सुनी, शोर मचाया और देखते ही देखते भीड़ जुट गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच करके बच्चों को बाल संरक्षण गृह भेजा। बच्चे को देखकर गांव की दुर्गावती देवी का कलेजा भर आया। छह बेटियों की मां दुर्गावती ने उसे गोद में उठा लिया और बोली इसे मैं पालूंगी। पति अवधेश मुंबई में नौकरी करते हैं, फोन पर उन्होंने भी हामी भर दी। एक मां जिसने बेटे की आस में छह बेटियों को पाला, आज एक बेसहारा बेटे में अपना बेटा देखने लगी। गांव वाले भी इस ममता के आगे नतमस्तक थे। प्रधान रामानंद यादव की मौजूदगी में कागजी कार्रवाई कर बच्चे को बाल संरक्षण टीम को सौंप दिया गया।थानाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि बच्चे की मां और उसे छोड़ने की वजह की जांच की जा रही है। छह बेटियों की मां की गोद सूनी रह गई, मासूम फिर अनाथ हो गया।

आरएसएस का विजयादशमी उत्सव:पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

देवरिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देवरिया नगर के तत्वावधान में सोमवार को विजयादशमी उत्सव और भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। देवरिया क्लब मैदान से पूर्ण गणवेश में निकले स्वयंसेवकों के कदमताल और अनुशासन ने शहरवासियों को आकर्षित किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश ने स्वयंसेवकों में राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता का जोश भरा। मुख्य वक्ता रमेश ने अपने संबोधन में कहा कि विराट हिंदू राष्ट्र के संरक्षण के लिए आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक वटवृक्ष की तरह अडिग खड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को परम वैभव पर पहुंचाने का एक ही आधार है—संगठित हिंदू समाज। आज पूरे देश में हिंदुत्व का भाव जागृत हुआ है और हर हिंदू को अपने हिंदू होने पर गर्व की अनुभूति हो रही है। संपूर्ण विश्व को अपना परिवार (वसुधैव कुटुंबकम्) मानना ही सनातन विचार है। यह धरा प्रभु राम और श्रीकृष्ण की है। उन्होंने माता शबरी के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है। लंका विजय की लड़ाई केवल एक स्त्री के हरण की नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र के मान-सम्मान और अस्मिता की रक्षा का संघर्ष थी। कदमताल करते निकले स्वयंसेवक, जगह-

जगह हुआ स्वागत बौद्धिक सत्र के बाद स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश (सफेद शर्ट, खाकी पैंट, काली टोपी और हाथ में दंड) में घोष की थाप पर अनुशासित पथ संचलन शुरू किया। संचलन देवरिया क्लब से प्रारंभ होकर दैनिक जागरण कार्यालय, राघव नगर रोड, दुर्गा मंदिर रोड, कचहरी चौराहा, शिव मंदिर, कसया ढाला, अमर ज्योति चौराहा, जलकल रोड, कोतवाली चौराहा, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज क्षेत्र, रेलवे स्टेशन रोड, तहसील और नगर पालिका मार्ग से होते हुए पुनः देवरिया क्लब पहुंचकर संपन्न हुआ। पथ संचलन के दौरान नगरवासियों ने स्वयंसेवकों के अनुशासन और व्यवस्था की सराहना की। कार्यक्रम स्थल पर वाहनों के लिए सुव्यवस्थित पार्किंग और सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। इस अवसर पर विभाग प्रचारक दीपक, जिला प्रचारक आकाश, नगर प्रचारक राहुल, जिला कार्यवाह कृष्णप्रताप, विभाग संघचालक राजधारी, जिला संघचालक मकसूदन, नगर कार्यवाह मुकुंद, जिला बौद्धिक प्रमुख राजेश, जिला शारीरिक प्रमुख उपेंद्र, नितेश, अनुपम, अमित, अजय, रामबरन, विशाल, मोहन, भानु, दिवाकर, नीरज, महेश्वर, दीपेंद्र, आदित्य विक्रम, शिवम, विनय, साकेत, राधारमण, अभय नाथ, अभय मणि, सत्यप्रकाश, शलभ, ज्ञान, त्रिलोक और अम्बुज सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

मां दुर्गा के दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

दुदही (कुशीनगर) ।दुदही नगर पंचायत में रविवार को मां दुर्गा के पट खुलते ही श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु भक्तों की भीड़ पूजा पंडालों में जुटने लगी। पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब गया। जय माता दी के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण गूंज उठा। मां के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।

दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। नगर के प्रमुख मार्गों, पूजा पंडालों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। भीड़ को नियंत्रित करने, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने और सुरक्षा बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।वहीं, नगर पंचायत प्रशासन ने भी व्यवस्था की कमान संभाल रखी है। साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। प्रशासनिक सतर्कता और नगर पंचायत की सक्रियता के बीच श्रद्धालु मां के दर्शन-पूजन में जुटे हैं।दुदही में दुर्गा पूजा को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। पूजा पंडालों में उमड़ रही भीड़ से नगर का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु मां दुर्गा से सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

एमएलसी चुनाव: निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में मतदान कराना पहली प्राथमिकता

देवरिया। विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार

को रिजर्व पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में संयुक्त ब्रीफिंग का आयोजन हुआ। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नरायण सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनंद कुमार पाण्डेय ने चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों और जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।अफसरों ने स्पष्ट हिदायत दी कि चुनाव ड्यूटी में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जवान समय से अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मुस्तैदी से दायित्व संभालें। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। यदि कोई भी अराजक तत्व मतदान प्रक्रिया में बाधा डालने या शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करे, तो उसके खिलाफ तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए।एडीएम और एएसपी ने कहा कि मतदान के लिए आने वाले शिक्षक व स्नातक मतदाताओं के साथ शालीन व सहयोगात्मक व्यवहार रखा जाए। बूथों के आसपास अनावश्यक भीड़ न जुटने दें और ऐसा माहौल बनाएं जिससे मतदाता

❖ एडीएम प्रशासन और एएसपी ने पुलिस लाइन में चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस बल को किया ब्रीफ❖संवेदनशील केंद्रों पर रहेगी कड़ी नजर, व्यवधान डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

बिना किसी दबाव या भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। साथ ही कंट्रोल रूम और उच्चाधिकारियों से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी, सीओ रुद्रपुर राजेश चतुर्वेदी और सीओ बरहज रंजना सचान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

त्योहारों में खलल डालने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई-एसपी

देवरिया। आगामी त्योहारों और प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सोमवार को एसपी अभिजित आर. शंकर ने गूगल मीट के जरिए जिले के पुलिस अधिकारियों और थानेदारों के साथ समीक्षा बैठक की। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पूजा पंडालों, मेला स्थलों और विसर्जन घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे तथा अफवाह फैलाने या शांति भंग करने वालों पर सीधी कठोर कार्रवाई की जाए। नकबजनी रोकने के लिए 18 से 27 अक्टूबर तक चल रहे 10 दिवसीय अभियान के तहत एसपी ने रात्रि गश्त और संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग के निर्देश दिए। वहीं %मिशन शक्ति फेज-6.0% के तहत महिला हेल्पडेस्क पर त्वरित सुनवाई और एंटी रोमियो स्क्वॉड को सक्रिय रहने को कहा। विसर्जन व मेले के दौरान शहर में जाम की स्थिति न बने, इसके लिए प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस को मुस्तैद रहने और सुगम पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

झोले में 1.105 किलो गांजा लेकर जा रहा तस्कर गिरफ्तार

देवरिया। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस

को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान चटनी गढ़ही के पास से एक तस्कर को 1.105 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी प्लास्टिक के झोले में गांजा छिपाकर बेचने की फिराक में था। एसपी अभिजीत आर. शंकर के निर्देश, एएसपी (उत्तरी) आनंद कुमार पांडेय और सीओ सिटी संजय कुमार रेड्डी के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस रात में संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मादक पदार्थ की खेप लेकर चटनी गढ़ही की तरफ जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद झोले से 1.105 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजीव गौड़ (40) पुत्र स्व. विजयी गौड़, निवासी नाथनगर भटवलिया, थाना कोतवाली के रूप में हुई है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा (अपराध संख्या 739/2026) दर्ज कर उसे जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय, उपनिरीक्षक रविन्द्र नाथ चौबे, कांस्टेबल अरविन्द कुमार और कांस्टेबल अजय प्रजापति शामिल रहे।

डीएम-एसपी ने पंडालों व मेला स्थलों का किया निरीक्षण

सलेमपुर (देवरिया)। दुर्गा पूजा और मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और एसपी

अभिजीत आर. शंकर ने सलेमपुर क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों और मेला स्थलों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, प्रकाश, साफ-सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता, सुचारु यातायात व्यवस्था और आपात स्थिति से निपटने के पुख्ता प्रबंध करने को कहा। पंडाल आयोजकों को सुरक्षा मानकों, सीसीटीवी, अग्निशमन उपकरण और प्रवेश-निकास व्यवस्था का पालन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि आमजन की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान एसडीएम क्षितिज द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नवरात्रि का पर्व

सेवरही,कुशीनगर।सेंट जेवियर स्कूल में नवरात्रि एवं विजयदशमी का पावन पर्व हर्षोल्लास,उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर भक्तिमय एवं उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहा।विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति,धार्मिक परंपराओं और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर रणवीर जायसवाल एवं प्रधानाचार्य रंजीत सिंह द्वारा किया गया।इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर अंश द्विवेदी, कोऑर्डिनेटर श्रीमती मंदाकिनी मिश्रा एवं विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ भी उपस्थित रहे।समारोह का मुख्य आकर्षण छात्राओं द्वारा माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की मनमोहक प्रस्तुति रही।वहीं,नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी भगवान श्रीराम,लक्ष्मण एवं हनुमान जी के रूप में सजकर सभी के आकर्षण का केंद्र बने। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा और उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए।इसके अतिरिक्त,विद्यार्थियों ने डांडिया नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ उत्सव का आनंद उठाया।बच्चों की प्रस्तुतियों ने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की।कार्यक्रम के अंत में रावण दहन का आयोजन किया गया।

इसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को यह संदेश दिया गया कि हमें अपने जीवन से बुराइयों का अंत करके अच्छाइयों,सत्य,सदाचार और नैतिक मूल्यों को अपनाना चाहिए।रावण दहन अहंकार, अन्याय और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है।विद्यालय के इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं त्योहारों के महत्व से परिचित कराना तथा उनमें अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच का विकास करना था।संपूर्ण कार्यक्रम उत्साह,उमंग और सांस्कृतिक समृद्धि के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

भगवती जागरण के आयोजन से धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है-सुरेन्द्र चौरसिया

पथरदेवा(देवरिया)-विधानसभा रामपुर कारखाना के भाजपा विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि दशहरे के अवसर पर आयोजित भगवती जागरण में पधारे क्षेत्रीय लोगों को मैं बधाई दे रहा हूँ। विशुनपुरा बाजार के विद्यालय महन्थ त्रिवेणी पर्वत इण्टर कालेज के खेल मैदान में भगवती जागरण शानदार तरीके से श्रीगणेश होगा और अन्त में उपस्थित जनता भगवती जागरण का आनन्द लेगी। इस अवसर पर गायक गोलू राज का आगमन हुआ जिसमें अनेक तरह के जन प्रतिनिधि उपस्थित हुए और उपस्थित लोगों को विजय दशमी त्यौहार के अवसर पर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम का श्रीगणेश विधायक सुरेन्द्र चौरसिया एवं विकास खण्ड पथरदेवा के ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही,नगर पंचायत पथरदेवा के अध्यक्ष कमलेश उर्फ क्रान्ति सिंह,जिला पंचायत सदस्य अमित सिंह,भाजपा नेता जय प्रकाश शर्मा एक साथ मिलकर फीता काटकर उद्घाटन किया। उपस्थित अनेक वक्ताओं ने कहा कि विधायक सुरेन्द्र चौरसिया के कार्यकाल में विधानसभा रामपुरकारखाना क्षेत्र के ऐतिहासिक विकास हुआ है। इस अवसर पर हिन्दू युवा वाहिनी के नेता दिनेश कुशवाहा, भाजपा नेता मनोज मिश्रा,शमशुद्दीन अंसारी,लाल बहादुर कुशवाहा,संजय कुशवाहा,संजय चौरसिया,संजय सिंह,राज कुमार रौनियार,ग्राम प्रधान सुभाष यादव,बाबूलाल जायसवाल के साथ ही क्षेत्र के गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंच का पूजन कराते आचार्य आशुतोष मिश्र ने सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने के लिए माँ दुर्गा जी से आशीर्वाद लिया।

नवलखा दरबार में डांडिया की धूम, भक्ति धुनों पर देर रात तक थिरकीं युवतियां व बच्चे

मेहदीगंज ।शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर रामकोला के पुरानी बाजार स्थित प्रसिद्ध नवलखा दरबार दुर्गा पूजा पंडाल में भव्य डांडिया एवं गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। भक्ति, उमंग और लोक-संस्कृति के इस आयोजन में केवल स्थानीय युवतियों और बच्चों को ही डांडिया खेलने की अनुमति रही। शाम छह बजे से शुरू हुआ यह उल्लासपूर्ण कार्यक्रम रात 11 बजे तक अनवरत चला, जहां माता के जयकारों और डांडिया की खनक से पूरा परिसर देर रात तक गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 6 बजे मां दुर्गा की विधिवत आरती और वंदना के साथ हुआ। इसके बाद पारंपरिक परिधान—रंग-बिरंगी चनिया-चोली में सजी युवतियों ने डांडिया थामकर ताल से ताल मिलाई। ढोली तारो ढोल बाजे, पंखिड़ा ओ पंखिड़ा और मां अंबे के भक्ति गीतों पर प्रतिभागियों ने मनमोहक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं बच्चों ने भी अलग गोल घेरा बनाकर उत्साहपूर्वक डांडिया खड़काया, जिसने उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन और समिति द्वारा बेहद सख्त व्यवस्था की गई थी। पंडाल के भीतर केवल युवतियों और बच्चों को ही प्रवेश दिया गया, जबकि लड़कों व युवकों को प्रशासन द्वारा पंडाल के बाहर ही रोक दिया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और महिला पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती रही। समिति के स्वयंसेवकों ने भी बाहर से लेकर अंदर तक कड़ा पहरा देकर व्यवस्था को अनुशासित रखा।इस सफल आयोजन में समिति के पवन मद्धेशिया, छोटू, चंदन, अमन, दीपू, रौनक निगम सहित आयोजक मंडल के कई सदस्य सक्रिय रहे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक, मातृशक्ति और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के पैतृक गांव क्षेत्र में परवेज का जोरदार स्वागत

पथरदेवा(देवरिया) ।विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के सपा सम्भावित प्रत्याशी परवेज आलम अपने समर्थकों के साथ प्रदेश कृषि मंत्री

सूर्य प्रताप शाही को पैतृक गांव क्षेत्र में भ्रमण किया तो क्षेत्रीय लोगों ने परवेज आलम का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सपा नेता नेता परवेज आलम बघौचघाट क्षेत्र के अनेक प्रमुख गांव से होते हुए क्षेत्र में जोरदार तरीके से भ्रमण करते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि परवेज आलम ने जगह-जगह स्वागत के दौरान सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। सपा बीते 2012 विधानसभा चुनाव में मेरे पिता शाकिर अली चुनाव जीते तो विधानसभा पथरदेवा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाने का कार्य किया इसके साथ ही अनेक हिन्दू, मुस्लिम धर्म के स्थानों को विकास के रूप में विकास कार्य कराने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि यदि सेवा करने का अवसर मिला तो अपने पिता स्व.शाकिर अली के सिद्धान्तों पर चलते हुए क्षेत्र में विकास कराने का कार्य करूगा। परवेज आलम के साथ डा.मुहम्मद इस्लाम, रामअधार यादव, आजम शेख, मंजूर हसन,आजाद अंसारी भारी संख्या में सपा नेता एवं कार्यकर्ता चल रहे थे।

कार्यक्रम की सफलता पर ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही ने आभार प्रकट किया

पथरदेवा(देवरिया)-विकास खण्ड पथरदेवा के ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही ने कहा कि भूतपूर्व विद्युत मंत्री स्व.रवीन्द्र किशोर शाही के 44वीं पुण्यतिथि के अवसर पर किसान मेले के साथ श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया जिसमें विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के हजारों पुरूष, महिलाओं एवं नौजवानों ने श्रद्धांजलि समारोह एवं मेले में उपस्थित होकर समारोह को ऐतिहासिक बनाने का कार्य किया। मैं सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट करता हूँ। भाजपा युवा नेता ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही पथरदेवा बाजार में भेंट के दौरान उपरोक्त बाते कही। उन्होंने कहा कि श्रद्धांजलि समारोह कृषि मेला के अवसर पर अनेक सम्मानित जन प्रतिनिधि के साथ ही जनपद के अनेक विधायक,पूर्व विधायक,पूर्व सांसद का आगमन हुआ और सभी लोगों ने स्व.रवीन्द्र किशोर शाही के अच्छे कार्यो की सराहना किया। इस अवसर पर प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के प्रयास से लगभग बीस हजार आम के पौधे,दो दिनों के समारोह के दौरान लगभग बीस हजार लोगों को सब्जी,चना,मटर का बीज नि:शुल्क वितरण किया गया। श्री शाही के द्वारा इस कार्यक्रम को देखते हुए विपक्षियों में हलचल मचा हुआ है।

डॉ. सोने लाल पटेल जनता की आवाज थे - ब्रह्मा सिंह पटेल

भाटपार रानी देवरिया। सोनेलाल पटेल के 17 वीं निर्माण दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपना दल कमेरा वादी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधानसभा सिराथू की विधायिका डॉ पल्लवी पटेल ने कहा

कि डॉक्टर पटेल की आवाज थे उनके अधिकार के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे मैं उनके कारवां एवं पिछड़ी शोषण वंचितों की आवाज के लिए अनवरत संघर्ष करती रहूंगी प्रदेश में सरकार हजार ऑन प्राथमिक विद्यालय बंद कर दे 69000 शिक्षक भर्ती में ओबीसी छात्रों के साथ घोटाला हुआ है जब तक न्याय नहीं मिल जाता है तब तक इस मुद्दे को में उठाते रहेंगे और सोनेलाल पटेल के मृत्यु की सीबीआई जांच की मांग की कार्यक्रम को इंजीनियर पारुल पटेल राजमाता कृष्णा पटेल ब्रह्म सिंह पटेल शहीद सैनिक लोगों ने संबोधित किया । सभा को संबोधित करते हुए जन-जन के लोकप्रिय नेता अपना दल कमेरा वादी के जिलाध्यक्ष ब्रह्मा सिंह पटेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बोधिसत्व यश:कायी डॉ. सोनेलाल पटेल जी के 17वें परिनिर्वाण दिवस की संध्या पर आइए, हम सभी आपसी मतभेदों और राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर समाज की एकता, सम्मान और अधिकारों के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लें। अब किसी एक दल की सामाजिक ठेकेदारी नहीं, बल्कि समाज के हितों, भागीदारी और सम्मान की बात होगी। राजनीतिक विचार अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन समाज के हितों के लिए हमारा साथ और संवाद बना रहना चाहिए। अब समाज के नाम पर बंटना नहीं, समाज के लिए एकजुट होना है राजनीतिक दल कोई भी हो, समाज का साथ चलेगा। उक्त अवसर पर प्रमोद पटेल रविंद्र पटेल अवधेश पटेल डॉक्टर साहब जिलाध्यक्ष लालबाबू सिंह आदि हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे ।